जीवन रेखा एक्सप्रेस अस्पताल

*298. श्री रंजना रंजन साहू : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जीवन रेखा एक्सप्रेस अस्पताल प्रति वर्ष कितने लोगों को इलाज कर पाने की स्थिति में होगा; और

(ख) इस अस्पताल का परिचालन-क्षेत्र क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफर शरीफ): (क) इम्पेक्ट इंडिया फाउंडेशन का विचार है कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले कई हजार लोगों के चलते-फिरते अस्पताल में इलाज किया जाए ।

(ख) प्रथम चरण में यह बिहार राज्य में बड़ी रेल लाइन वाले क्षेत्रों में कार्य करेगा ।

India Tourism Year, 1991

*299. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the year 1991 is being observed as India Tourism Year;

(b) if so, what special plans have been drawn in this connection by the Railways;

(c) what special steps have been taken to ensure punctuality of trains and basic amenities to travelling public; and

(d) the results if any, achieved so far in this regard?

THE MINISTER OF RAILWAYS SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) Yes, Sir.

(b) While all measures taken to serve passenger traffic facilitate rail travel by tourists, some measures of particular interest for tourist traffic are manufacure of new air-conditioned metre gauge rake for Palace on Wheels train; strengthening of reservation facilities including extended working hours at International Tourist Bureau, New Delhi; introduction of new trains, printing of 'logo on tourism' on the back of computerised tickets and free display of tourism posters in railway premises, etc.

(c) Maintaining punctuality of trains and upkeep of passenger amenities is a continous on-going process.

(d) Punctuality that had suffered in the recent past is now on the upswing.

दिल्ली दुग्ध योजना और मदर डेरी द्वारा उत्पादित दूध में चिकनाई की मात्रा में कमी

*300. डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :
श्री रणजीत सिंह :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत कुछ महीनों में दिल्ली दुग्ध योजना और मदर डेरी द्वारा उत्पादित दूध में चिकनाई की मात्रा कम कर दी गई है जिससे उसकी गुणवत्ता पर असर पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो इस दूध में चिकनाई की मात्रा कितनी है और क्या परिणामस्वरूप दूध के मूल्य भी कम कर दिए गए हैं और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह सच है कि दूध की वर्तमान गुणवत्ता एक औसत स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की सुरक्षा करने के लिए पर्याप्त नहीं है और यह दुग्ध नियंत्रण आदेश का भी उल्लंघन करता है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इन संगठनों को दूध में चिकनाई की मात्रा बढ़ाकर 3 प्रतिशत करने हेतु निदेश देगी; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड) : (क) और (ख) दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा बेचे जाने वाले दूध की गुणवत्ता खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम के तहत